## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता



१८ नवम्बर को संस्थापक समारोह के अंतर्गत मनोविज्ञान विभाग की प्रवक्ता डॉ. अपर्णा मिश्रा द्वारा 'सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित हुआ। जिसमें कुल २० छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। अमन कुमार सिन्हा (बी.एस-सी. तृतीय), शैलेन्द्र प्रजापति (बी.ए. द्वितीय) तथा बलवंत कुमार मौर्य (बी.ए. द्वितीय) को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## गायन एवं पोस्टर प्रतियोगिता

१८ नवम्बर को गायन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुआ। गायन में कुल २० छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें आकांक्षा (एम.एस-सी. प्रथम), वर्षा जायसवाल (बी.काम. द्वितीय) तथा अभिषेक रंजन (बी.एस-सी. प्रथम) को संयुक्त एवं जूही पाण्डेय (बी.एस-सी.) को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पोस्टर में कुल १८ प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें गरिमा जायसवाल (बी.ए. तृतीय) को प्रथम, प्रियंका गुप्ता को द्वितीय तथा मधु सिंह (बी.एस-सी. द्वितीय) एवं आरती गौड़ (बी.एस-सी. प्रथम) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## आशुभाषण प्रतियोगिता

१८ नवम्बर को डॉ. कृष्ण कुमार जी द्वारा आशुभाषण प्रतियोगिता आयोजित हुआ जिसमें १० प्रतिभागियों ने सहभाग किया। रजत कुमार श्रीवास्तव (एम.काम. प्रथम), आशुतोष चौहान (बी.एस-सी. द्वितीय) एवं गायत्री सिंह चौहान (बी.ए. प्रथम) क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

## हिन्दी भाषण प्रतियोगिता

१६ नवम्बर को हिन्दी भाषण प्रतियोगिता जिसका विषय 'प्रखर राष्ट्रवाद ही आतंकवाद एवं नक्सलवाद समस्या का समाधान है'' था सम्पन्न हुआ। इसमें कुल २० प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें रत्नेश नाथ योगी (बी.एस-सी प्रथम), आरती गौड़ (बी.एस-सी. प्रथम) तथा आकाश कुमार यादव (बी.ए. द्वितीय) को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति परीक्षा 2016

२० नवम्बर को गोरखपुर में अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से आयोजित अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति परीक्षा २०१६ का परीक्षा केन्द्र महाविद्यालय रहा। इसमें परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। नौ दृष्टि वाधित विद्यार्थियों ने भी परीक्षा में शिरकत की।



परीक्षा देते दृष्टिहीन विद्यार्थी

## साप्ताहिक स्वैच्छिक श्रमदान



साप्ताहिक स्वैच्छिक श्रमदान

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में स्थापना वर्ष २००५ से साप्ताहिक स्वैच्छिक श्रमदान की योजना लागू है। प्रत्येक शनिवार को विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं प्राचार्य द्वारा स्वैछिक श्रमदान किया जाता है। नवम्बर माह में साप्ताहिक स्वैछिक श्रमदान सम्पन्न हुआ। इसके अंतर्गत कक्षाओं, सभागारों, मुख्य प्रवेश द्वार सहित सम्पूर्ण परिसर एवं सड़कों की सफाई की गई।

## पढ़ाएँ भी-पढ़ें भी





डाँगीपार गाँव में बुजुर्गों का पढ़ाने का अनुभव एकदम नया था। सामाजिक सेवा भली कार्य के लिए कभी किसी गाँव में जाने का अवसर नहीं मिला था। झिझक थी, संकोच था तथापि जब हम गाँव के गरीब निरक्षर बच्चों महिलाओं के बीच पहुँची तो छोटे कहे जाने वाले बड़े मन के लोगों का दर्शन हुआ, बात-चीत हुई, क ख ग ...... की पढ़ाई प्रारम्भ हुई। एक के बाद अगले दिन नए-नए अनुभव और अपनापन का जो सिलसिला प्रारम्भ हुआ वह अद्वितीय, अद्भुत रोमांचकारी और अकथनीय है। उसे मात्र महसूस किया जा सकता है। १३ दिन में हमने जीवन का एक नया पाठ पढ़ा। यह कहना अब गलत लगने लगा कि हम वहाँ मात्र पढ़ाने गए थे, सच यह है कि हम पढ़ाने कम पढ़ने अधिक गए थे। पढ़ाए कम पढ़े अधिक। १३ दिन की यह जीवन-यात्रा यादगार है।

**- प्रिया श्रीवास्तव**, बी.एड. प्रथम वर्ष

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर छात्रसंघ द्वारा प्रकाशित मासिक वैचारिकी। प्रधान सम्पादक-वागीश राज पाण्डेय
सम्पादक-प्रगति पाण्डेय, सिद्धार्थ कुमार शुक्ल, सह-सम्पादक-आशीष राय, प्रगति मिश्रा, अनुराग त्रिपाठी, राहुल गिरि। वेबसाईट-www.mpm.edu.in



Nk=k 'kfDr ! jk"V 'kfDr !!

# ध्येय पथ

छात्र-संघ द्वारा प्रकाशित मासिक

वर्ष - 01, अंक-02 दिसम्बर 2016 मार्गशीर्ष शुक्ल 2, वि.सं. 2073

## दिसम्बर माह के महत्वपूर्ण कार्यक्रम

### संस्थापक-सप्ताह समारोह

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का संस्थापक-सप्ताह समारोह प्रतिवर्ष की भाँति ४-१० दिसम्बर को मनाया जाएगा। ४ दिसम्बर को संस्थापक-सप्ताह समारोह का उद्घाटन होगा। इस अवसर पर परम्परागत भव्य शोभा-यात्रा निकाली जाएगी। ५ से ६ दिसम्बर तक विविध प्रतियोगिताएँ सम्पन्न होंगी तथा १० दिसम्बर को श्री गोरक्षनाथ मन्दिर के दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में मुख्य महोत्सव सम्पन्न होगा, जिसमें लगभग साढ़े छः सौ विद्यार्थी पुरस्कृत होंगे। महाविद्यालय इस आयोजन में पूरी तैयारी के साथ सम्मिलित होगा। निम्न प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे-

| | | |
|---|---|---|
| ०५ दिसम्बर | - | प्रश्नमंच, कबड्डी |
| ०६ दिसम्बर | - | हिन्दी आशु भाषण, सामान्य ज्ञान, हिन्दी निबन्ध |
| ०७ दिसम्बर | - | कम्प्यूटर प्रश्न मंच, वालीबाल, संस्कृत भाषण |
| ०८ दिसम्बर | - | हिन्दी भाषण |
| ०६ दिसम्बर | - | अंग्रेजी भाषण, उदीयमान कवि सम्मेलन |

### अवकाश

| | | |
|---|---|---|
| ०६ दिसम्बर | - | डा. भीमराव अम्बेडकर महापरिनिर्वाण दिवस |
| १३ दिसम्बर | - | बारावफात |
| २३ दिसम्बर | - | चौधरी चरण सिंह जयन्ती |
| २५ दिसम्बर | - | क्रिसमस-डे/मदन मोहन मालवीय जयन्ती |

### प्रार्थना सभा में महापुरुष स्मृति दिवस

| | | |
|---|---|---|
| ०३ दिसम्बर | - | डा. राजेन्द्र प्रसाद जयन्ती |
| ०५ दिसम्बर | - | श्री अरविन्द पुण्यतिथि |
| ०६ दिसम्बर | - | डा. भीमराव अम्बेडकर महापरिनिर्वाण दिवस |
| १४ दिसम्बर | - | वीर छत्रशाल पुण्यतिथि |
| १७ दिसम्बर | - | रोशन सिंह-राजेन्द्र लाहिणी बलिदान दिवस |
| १६ दिसम्बर | - | राम प्रसाद विस्मिल, अशफाक उल्ला खाँ बलिदान दिवस |
| २२ दिसम्बर | - | चौधरी चरण सिंह जयन्ती (पूर्व संध्या) |
| २४ दिसम्बर | - | पं० मदन मोहन मालवीय जयन्ती (पूर्व संध्या) |
| २६ दिसम्बर | - | फतेह सिंह, जोरावर सिंह बलिदान दिवस |
| ३० दिसम्बर | - | महर्षि रमण जयन्ती |

## डाँगीपार में 13 दिन

गोरक्षपीठाधीश्वर पूज्य महन्त योगी आदित्यनाथ जी महाराज की प्रेरणा, सामाजिक कार्यकर्ता श्री भिखारी प्रजापति जी के अथक प्रयत्न से डॉ. शिप्रा सिंह (प्राध्यापक बी.एड.), आशीष राय (एम.ए. द्वितीय वर्ष), धनंजय (एम. ए. द्वितीय वर्ष), राहुल गिरि (बी.ए. प्रथम वर्ष), अरविन्द कुमार शर्मा (बी.ए. तृतीय वर्ष) की देख -रेख में बी.एड. प्रथम वर्ष के 50 विद्यार्थियों ने नवम्बर माह का तेरह दिन खोराबार ब्लाक के डाँगीपार गाँव में बिताया। यह तेरह दिन महाविद्यालय द्वारा स्थापित किए जा रहे मील के पत्थरों की श्रृंखला में एक और मील का पत्थर है। गाँव की सम्पूर्ण साक्षरता का लक्ष्य लेकर अपनी कक्षा की पढ़ाई रोककर औरों को पढ़ाकर स्वयं पढ़ने का जो प्रयोग महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया है, वह वर्तमान युग के स्याह पटल पर अप्रभावी दीपक की लौ की तरह टिमटिमाते प्रकाश की यह किरण देश-समाज के लिए जीने-मरने वाले लोगों के लिए आनन्ददायी है। गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा उपलब्ध करायी गई बस से प्रतिदिन प्रातः साढ़े दस बजे निकलकर वापस तीन बजे आने तक के बीच बारह से दो बजे तक डाँगीपार गाँव के मुहल्लों-मुहल्लों में दस से बारह की टोली को साक्षर बनाने के इस अभियान ने जहाँ गाँव में साक्षरता का दीप जलाया है, वहीं इस अभियान में लगे विद्यार्थियों को एक नई जीवन दृष्टि भी मिली है। मुझे भी इस अभियान ने सुख दिया है। साक्षरता के इस यज्ञ में आहुति बने अपने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक साधुवाद।

- प्रदीप कुमार राव, प्राचार्य

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर



छात्र संघ की साधारण सभा तथा मासिक ई पत्रिका का विमोचन

## छात्र संघ की साधारण सभा तथा मासिक ई-पत्रिका का विमोचन

४ नवम्बर को छात्रसंघ की साधारण सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे समाजसेवी श्रीराम अग्रवाल ने 'लक्ष्य की ओर' विषय पर व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम में छात्रसंघ की मासिक ई- पत्रिका 'ध्येय पथ' का भी विमोचन हुआ।

## एक दिवसीय शिविर

राष्ट्रीय सेवा योजना के गुरु गोरक्षनाथ एवं महाराणा प्रताप ईकाई का एक दिवसीय शिविर १३ नवम्बर को अभिगृहित गाँव में सम्पन्न हुआ। इसके अन्तर्गत स्वच्छता-साक्षरता हेतु जन-जागरण, श्रमदान के साथ बौद्धिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।


एक दिवसीय शिविर में बौद्धिक चर्चा

## संस्थापक-सप्ताह समारोह एवं युवा महोत्सव



छात्रसंघ की साधारण सभा

१४ नवम्बर से २० नवम्बर तक महाविद्यालय का संस्थापक-सप्ताह समारोह एवं युवा महोत्सव आयोजित हुआ। इस साप्ताहिक आयोजन के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएँ यथा प्रश्नमंच, सामान्य ज्ञान, हिन्दी आशुभाषण, हिन्दी निबन्ध, कम्प्यूटर प्रश्नमंच, संस्कृत भाषण, हिन्दी-अंग्रेजी भाषण, रंगोली, मेंहदी, पोस्टर मेकिंग, हस्तकला, गायन, कबड्डी, वालीबाल, एथलेटिक्स सहित अन्य खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित हुई।

## योगिराज बाबा गम्भीरनाथ स्मृति वालीबाल एवं कबड्डी प्रतियोगिता

संस्थापक समारोह के अंतर्गत १४ नवम्बर को योगीराज गम्भीरनाथ स्मृति बालीबाल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ रक्षा अध्ययन विभाग के प्रभारी डॉ० अंशुमान सिंह द्वारा किया गया। वालीबाल प्रतियोगिता में बालक वर्ग में ६ टीमों तथा बालिका वर्ग में ४ टीमों ने प्रतिभाग किया। कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में ५ टीमों ने तथा बालिका वर्ग में ३ टीमों ने प्रतिभाग किया।


दौड़ प्रतियोगिता

वालीबाल प्रतियोगिता बालक वर्ग में कला संकाय ने छात्र संघ को हराकर विजेता का सम्मान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में लक्ष्मीबाई टीम ने मीराबाई टीम को हराकर विजय प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग छात्र संघ की टीम को प्रथम स्थान तथा बालिका वर्ग में कला संवर्ग की टीम विजयी घोषित किया गया।


कबड्डी प्रतियोगिता

## संस्कृत भाषण प्रतियोगिता

१५ नवम्बर को संस्थापक समारोह के अंतर्गत संस्कृत भाषण प्रतियोगिता 'आतंकवादः भारतीयराजनीतिश्च' विषय पर हुआ जिसमें कुल १० विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। आशीष उपाध्याय बी.काम. द्वितीय को प्रथम स्थान, आदर्श कुमार सिंह एम.काम. द्वितीय को द्वितीय स्थान तथा राहुल दुबे बी.काम. प्रथम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।


मेंहदी प्रतियोगिता

## मेंहदी एवं हस्तकला प्रतियोगिता

संस्थापक समारोह के अंतर्गत १६ नवम्बर को मेंहदी एवं हस्तकला प्रतियोगिता हुआ। मेंहदी में प्रिया गुप्ता (बी.एस-सी. द्वितीय) एवं ज्योति निषाद (बी.काम. प्रथम) को प्रथम, रूबीना खातून (बी.काम. द्वितीय) को द्वितीय तथा मोनिका रावत (बी.काम. प्रथम) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। हस्तकला में वर्षा जायसवाल (बी.ए. द्वितीय) को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।






गोला फेंक प्रतियोगिता

## महन्त दिग्विजयनाथ स्मृति 'एथलेटिक्स मीट'

१६ नवम्बर को संस्थापक समारोह के अंतर्गत महन्त दिग्विजयनाथ स्मृति 'एथलेटिक्स मीट' का शुभारम्भ वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता श्री नन्दन शर्मा जी ने किया। १०० मी. बालक वर्ग में प्रदीप कुमार साहनी (बी.एस.सी प्रथम), पंकज कुमार यादव (बी.ए. प्रथम), संतोष कुमार गुप्ता (बी.काम. तृतीय) और बालिका वर्ग में श्रेयसी सिंह (बी.ए. द्वितीय), खुशबू (बी.ए. प्रथम) तथा प्रतिभा (बी.ए. प्रथम) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

भाला क्षेपण में मेहताब अली (बी.ए. तृतीय), सिद्धार्थ शुक्ल (एम.काम. प्रथम) तथा अविनाश दूबे (बी.एस.सी. प्रथम) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। लम्बी कूद में बालक वर्ग में शुभम शर्मा (बी. काम. तृतीय), शिवा मिश्रा (बी.ए. प्रथम) अश्विनी प्रजापति (बी.काम. द्वितीय) और बालिका वर्ग में कुमकुम (बी.काम. प्रथम), श्रेयसी (बी.ए. द्वितीय) तथा खुशबू (बी.ए. प्रथम) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।


अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता

गोला क्षेपण बालक वर्ग में शुभम शर्मा (बी.काम. द्वितीय) सिद्धार्थ पाण्डेय (बी.एस.सी. तृतीय एवे शिवा मिश्रा (बी.ए. प्रथम) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।


हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता

## हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता

१७ नवम्बर को हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुआ जिसका विषय 'काला धन एवं उसके प्रभाव' था। प्रतियोगिता में १६ छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें आशीष उपाध्याय (बी.काम. द्वितीय), अश्विनी कुमारी (बी.एस-सी. प्रथम) एवं दृष्टि सिंह (बी.काम. द्वितीय) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।


लम्बी कूद प्रतियोगिता

## अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता

१८ नवम्बर को अंग्रेजी विभाग द्वारा अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुआ जिसका विषय "Organized Corruption is threat to Internal Security" था। प्रतियोगिता में कुल १६ प्रतिभागियों ने भाग लिया। सोनल दूबे (बी.एस-सी. प्रथम) को प्रथम, रजत श्रीवास्तव (एम.काम. प्रथम) तथा राज श्रीवास्तव (एम.काम. प्रथम) को द्वितीय एवं आशुतोष चौहान (बी.एस-सी. द्वितीय) को तृतीय स्थान पर घोषित किया।


अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता



गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के सहयोग से गुरु श्री गोरक्षनाथ सेवा संस्थान द्वारा महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़ में आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर

## निःशुल्क नेत्र शिविर

गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के सहयोग से गुरु श्री गोरक्षनाथ सेवा संस्थान द्वारा महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़ में २० नवम्बर, रविवार को निःशुल्क नेत्र शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन अमर उजाला के सह सम्पाद श्री मृगांक कुमार ने किया। डॉ. सी०एम० सिन्हा की देख-रेख में सम्पन्न शिविर में ५६८ नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया तथा ५८ नेत्र रोगी आपरेशन हेतु चिन्हित किये गये। गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय में इन चिन्हित नेत्र रोगियों का आपरेशन किया गया। इस आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक-सेविकाओं तथा बी.एड. के विद्यार्थियों ने सेवा भाव से सहयोग किया।